सीएसआईआर-सीरी, पिलानी का सफल संसदीय राजभाषा निरीक्षण

24 सितंबर, 2026 को जयपुर में दूसरी उपसमिति द्वारा किया गया था निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने दिनांक 24 सितंबर, 2026 को सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी का राजभाषा निरीक्षण किया। संस्थान के संसदीय राजभाषा निरीक्षण के दौरान समिति के उपाध्यक्ष एवं माननीय सांसद (लोकसभा) श्री भर्तृहरि महताब; एवं संयोजक श्री उज्जवल रमण सिंह, माननीय सांसद (लोकसभा) सहित श्री हरिभाई पटेल, माननीय सांसद (लोक सभा); श्री कुलदीप इंदौरा, माननीय सांसद (लोकसभा); तथा श्री जियाउर्रहमान बर्क, माननीय सांसद (लोकसभा) उपस्थित थे। निरीक्षण बैठक में माननीय सांसदों के साथ संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय के हिंदी अधिकारी श्री मनोज कुमार एवं अन्य अधिकारी/कार्मिक भी उपस्थित थे। माननीय उपाध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब ने निरीक्षण बैठक की अध्यक्षता की।



संस्थान के राजभाषा क्रियाकलापों की समीक्षा करती हुई माननीय संसदीय राजभाषा समिति

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य के नेतृत्व में संस्थान के अधिकारियों के दल ने माननीय संसदीय समिति के समक्ष संस्थान की राजभाषा गतिविधियों को प्रस्तुत किया।

निरीक्षण आरंभ होने पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने समिति का औपचारिक स्वागत करते हुए माननीय समिति को संस्थान की स्थापना एवं शोध क्षेत्रों की संक्षिप्त जानकारी दी। इसके उपरांत माननीय समिति ने संस्थान के राजभाषा कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की तथा राजभाषा गतिविधियों एवं संबद्ध क्रियाकलापों पर संतोष व्यक्त करते हुए संस्थान के निदेशक को इसे और गति देने और भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम में उद्धृत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निर्देशित किया।



माननीय संसदीय राजभाषा समिति के प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



माननीय संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष उपस्थित संस्थान/सीएसआईआर/डीएसआईआर के अधिकारियों का दल

माननीय समिति के समक्ष उपस्थित संस्थान के दल में प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक; श्री प्रमोद तँवर, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक; श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक; श्री राजेश कुमार पारीक, वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक तथा

श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी सम्मिलित थे। इनके अलावा सीएसआईआर मुख्यालय की ओर से डॉ टी एस राणा, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रभारी, एचआरडीसी-गाजियाबाद तथा श्रीमती विजय लक्ष्मी, प्रभारी, राजभाषा और मंत्रालय/विभाग के प्रतिनिधि के रूप में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) से श्री सुरिंदर पाल सिंह, संयुक्त सचिव तथा श्री अनवर इमाम, अवर सचिव बैठक में उपस्थित थे।



निरीक्षण के उपरांत माननीय संसदीय राजभाषा समिति से प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए प्रो. शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान की राजभाषा गतिविधियों एवं वैज्ञानिक क्रियाकलापों की सराहना के लिए माननीय संसदीय समिति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए समिति को आश्वस्त किया।



संस्थान द्वारा हिंदी में प्रकाशित विज्ञान कार्टून पत्रिकाओं का विमोचन करते हुए माननीय संसदीय राजभाषा समिति के सदस्यगण

माननीय समिति ने स्कूली बच्चों में विज्ञान के प्रसार के लिए संस्थान के परियोजना प्रबंधन एवं मूल्यांकन (पीएमई) समूह द्वारा हिंदी में प्रकाशित दो कार्टून पत्रिकाओं '**माइक्रॉन्स एंड सेमिकोन्स - द इनविजिबल वेव**' तथा '**माइक्रो-वर्ल्ड : मिशन स्वर्णिम चिप**' का विमोचन किया। समिति ने पत्रिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पत्रिकाएँ भी छोटे बच्चों में विज्ञान के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती हैं। समिति ने पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए संस्थान के निदेशक की प्रशंसा की।



माननीय संसदीय समिति के सदस्यों को सम्मान स्वरूप पुस्तक भेंट करते हुए प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



माननीय संसदीय समिति के सदस्य को सम्मान स्वरूप पुस्तक भेंट करते हुए प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इस अवसर पर समिति के माननीय उपाध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब, माननीय संयोजक श्री उज्ज्वल रमण सिंह तथा माननीय सदस्य श्री हरिभाई पटेल ने निरीक्षण परिसर में प्रदर्शित राजभाषा प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से संस्थान में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन, सरकारी कामकाज में हिंदी के उपयोग तथा राजभाषा संबंधी गतिविधियों आदि को प्रदर्शित किया गया। माननीय सदस्यों ने संस्थान द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।



राजभाषा प्रदर्शनी में संस्थान के स्टॉल का निरीक्षण/अवलोकन करते हुए माननीय उपाध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब (बीच में), संयोजक श्री उज्जवल रमण सिंह (दायें) एवं सदस्य श्री हरिभाई पटेल (बायें)



राजभाषा प्रदर्शनी में समिति को संस्थान के विशिष्ट कार्यों की जानकारी देते हुए प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

प्रसंगवश यह उल्लेख करना उचित होगा कि दिनांक 22-24 सितंबर, 2026 के दौरान सीएसआईआर-सीरी, पिलानी सहित राजस्थान में स्थित अन्य केंद्रीय कार्यालयों का संसदीय राजभाषा निरीक्षण जयपुर (राजस्थान) में आयोजित किया गया था जिसके लिए समन्वयन का दायित्व आईआरसीटीसी-जयपुर (राजस्थान) को दिया गया था।
